तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024



12 अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य तय





12 श्रीराम के जयकारों से पूजित अक्षत वितरण का काम शुरू




## खबर संक्षेप

### कंबासी से बुजुर्ग लापता पुलिस कर रही तलाश

**बराड़ा।** गांव कंबासी से एक बुजुर्ग के लापता हो गया। गांव के अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीती 29 दिसंबर 2023 को उसके पिता शमशेर सिह (75) दोपहर करीब 2 बजे अपने घर से अपने बड़े भाई अशोक कुमार के पास जाने के लिए बोलकर निकले लेकिन न तो वह अपने भाई के पास गए और न ही वापस आए । अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से युवक अचानक लापता

**अंबाला।** अंबाला शहर की जट्टावाली गली के नरेंद्र पाल सिंह 3 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। परिजनों ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मुख्य सिपाही सुशील कुमार ने बताया कि गुमशुदा नरेंद्र पास सिंह की उम्र 34 वर्ष, रंग सांवला, हष्टपुष्ट शरीर, लम्बूतरा चेहरा, कद 5 फुट 5 इंच तथा उसने घर से जाते समय सफेद रंग की कमीज व लाल रंग जैकेट-ग्रीन, व नीले रंग की जींस पहनी हुई है।

### मादक पदार्थ सप्लाई करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मादक पदार्थों की तस्करी व सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने मुख्य मादक पदार्थ सप्लायर आरोपी बालकिशन को राजस्थान से काबू कर लिया है। 27 जून 2022 को मटहेड़ी बाइपास हुमांयुपुर कट के पास से नाकाबंदी के दौरान एक वाहन से 151 किलो 180 ग्राम डोडा चूरा पोस्त जब्त किया था। पता चला है कि इस वाहन के जरिए एक हादसा भी हुआ था। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए थे।

### स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ रणबीर को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। बेडसा गांव के दिनेश कुमार ने 27 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नडियाली मोड के पास से मोनू साहिल उर्फ रणबीर ने ई-कार्ट कंपनी का पार्सल छीन लिया था। उसमें एप्पल का मोबाइल फोन था।

### मोदी ने दिया सिखों को सम्मान

पानीपत। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि आजादी के बाद 75 वर्षों में सिख समुदाय को उनका बनता मान सम्मान देने वाली मोदी सरकार पहली सरकार साबित हुई है। इसलिए सिख समुदाय को टकराव और विवाद की मनोवृति छोडकर कौम व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

# कड़ाके की ठंड में बेबस हुई जिंदगी

## शीतलहर चलने और आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से सब्जी की फसलें होने लगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले नौ दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा और दिन भर आसमान में छाए धुंध के बाद व बर्फीली शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ बनी ठंड से लोगों की जिंदगी बेबस हो गई है। जिले में जहां सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं, वहीं, घनी धुंध और शीतलहर ने जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त कर दिया है। घने कोहरे के कारण आलु समेत अन्य सब्जी की फसलें प्रभावित होने लगी हैं। जबकि गेहूं की फसल के लिए मौसम में ठंड बढ़ने को किसान लाभदायक बता रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों ने घने कोहरे में आलु समेत अन्य फसलों में सप्ताह में दो बार सिंचाई करने की सलाह दी है।

- शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे



यमुनानगर में रविवार को अल सुबह छाया हुआ घना कोहरा।

### अल सुबह घना कोहरे का छाया प्रकोप

रविवार को भी पिछले नौ दिन की तरह अल सुबह तीन बजे से ही जिले में घनी धुंध का प्रकोप शुरू हो गया था और दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब घना कोहरा तो कुछ छंट गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। आसमान में छाए घने बादलों व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। आलम यह है कि कई दिन से मौसम में कड़ाके की ठंड में लोगों की जिंदगी ठिठक कर रह गई है। यदि आगे कई दिन तक यही हाल रहा तो लोगों के कामधंधे चौपट होने लगेंगे।

### घना कोहरे का सब्जी की फसलों पर पड़ने लगा असर

सब्जी उत्पादक मंशा राम, बिट्टू, दीपक व कंवरपाल का कहना है कि पिछले कई दिन से लगातार घना कोहरा पड़ रहा है। घने कोहरे के साथ शीतलहर चल रही और पाले का असर देखा जा रहा है। जिससे उनकी जहां खेतों में खड़ी आलु की फसल के पत्ते सूखने लगे हैं। वहीं, शिमला मिर्च समेत अन्य सब्जियों की पौध पर असर पड़ना शुरु हो गया है। उन्होंने सब्जियों की पनीरी को कपड़े आदि से ढ़ककर रखना पड़ रहा है। वहीं, किसान बलजीत सिंह, मनोहर, सुरेंद्र व प्रदीप आदि का कहना है कि मौसम में अधिक ठंड का बढ़ना गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। हालांकि उनका कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में अभी तक बारिश नहीं हुई है। यदि मौसम में ठंड बढ़ने के साथ बारिश भी हो जाए तो गेहूं की फसल की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है।

### घने कोहरे और पाला पड़ने पर सप्ताह में दो बार करें सिंचाई

कृषि विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार का कहना है कि घने कोहरे और पाले से सब्जी की फसलों को बचाने के लिए सप्ताह में दो बार सिंचाई करनी चाहिए। सिंचाई करने से आलु समेत अन्य सब्जी की फसलों पर पाले का प्रभाव पड़ने के कम संभावना होती है।

### तापमान में लगातार गिरावट जारी

मौसम में लगातार बढ़ रही हाड़ गलाने वाली ठंड में जिले के तापमान में भी गिरावट जारी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की बैठक जाट भवन में राज्य महासचिव प्रदीप बतान की अध्यक्षता में हुई। जगाधरी में 10 जनवरी को होने वाली अतिथि अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। महारैली को एतिहासिक बनाने के लिए रणनीति तय की गई।

इस मौके पर प्रदीप बतान ने कहा कि करनाल जिला के अतिथि अध्यापक महारैली में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनश्चिति करें। हम एकजुट रहकर संघर्ष जारी रखेंगे तो सरकार को अतिथि अध्यापकों की जायज मांगों को लागू करना पड़ेगा। पिछले 18 वर्षों से गेस्ट टीचर सरकार द्वारा किए जा रहे शोषण का शिकार हो रहे हैं। एक प्रमुख मांग रोजगार नियमित करने की है। करनाल जिला प्रधान जसमेर सिंह ने कहा कि सरकार ने घोषणा पत्र में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। राज्य महिला उपाध्यक्ष मेनका शर्मा ने कहा कि जगाधरी में होने वाली रैली में महिला अध्यापक ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेंगी। इस अवसर पर मदन शर्मा असंध, रणधीर सिंह नीलोखेड़ी, नरेश कांबोज इंद्री, प्रवीण शर्मा करनाल, जोगद्रिं मान घरौंडा व किरणपाल राणा निसिंग आदि मौजूद रहे।

# विज आवास पर लगे जय श्री राम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर रविवार सुबह विश्व हिंदु परिषद, आरएसएस, बजरंग दल, गउ रक्षा दल, शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट एसोसिएशन द्वारा अयोध्या में पूजित 'अक्षत' (चावल, हल्दी और घी का मिश्रण) का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए जय श्रीराम, "जयकारा वीर बजरंगी" जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गृह मंत्री अनिल विज को अक्षत प्रदान की गई तथा श्रीराम मंदिर अयोध्या का स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

- पूजित अक्षत का हुआ वितरण

विज ने इस अवसर पर सभी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई दी। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी में उत्साह है। इस अवसर पर भाजपा नेता कपिल विज के अलावा विभिन्न संगठनों से यश प्रकार, रणजीत सिंह, सोहन लाल शर्मा, विशाल, लक्ष्मणदास चोपड़ा, लोकेश, प्रवीण, दीपांशु कोछर, रौनी, सोनिया, दीपक भसीन, दीपक शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।



पूजित अक्षत वितरण के दौरान मौजूद गृहमंत्री अनिल विज व अन्य।


# बेसहारा पशुओं ने खड़ी फसलों में मचाई तबाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों में घूम रहे बेसहारा पशुओं ने जहां खेतों में खड़ी फसलों में तबाही मचा रखी है, वहीं, गलियों व सड़कों पर उनके होने से हर समय सड़क दुर्घटनाएं होने लगी हैं। रादौर क्षेत्र के लोगों ने सरकार व प्रशासन से बेसहारा घूम रहे पशुओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

- खेतों, गलियों व सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं पर अंकुश लगाए जाने की लोगों की मांग

क्षेत्र के किसान कुलदीप सिंह, पवन कुमार, लाला राम, नरेंद्र सिंह, रवि कुमार, साहब सिंह, जसविन्द्र सिंह व प्रदीप आदि ने बताया कि रादौर व आसपास के गांव में काफी संख्या में बेसहारा पशुओं की भरमार है। बेसहारा पशु जहां खेतों में खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं, वहीं, उनके सड़कों पर घूमने से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि वह खेतों में खड़ी फसलों पर हजारों रुपये खर्च करके उम्मीद करते हैं कि उन्हें अच्छी पैदावार मिलेगी। मगर बेसहारा पशु उनके खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।



यमुनानगर के रादौर क्षेत्र में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में तबाही मचाते हुए बेसहारा पशु।

### पंचायतें और प्रशासन मौन

इस संबंध में न पंचायतें कुछ कर रही हैं और ना ही प्रशासन की कोई कार्रवाई हो रही है। बेसहारा पशुओं के खेतों में बढ़ते प्रकोप से किसानों को भारी नुक्सान होने लगा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से ग्रामीण व शहरी इलाकों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को तुरंत पकड़ने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उन्होंने फसलों को बचाने के लिए खेतों के चारों तरफ हजारों-हजारों रुपये खर्च कर कंटीले तार भी लगाए गए हैं। मगर यह पशु कंटीले तारों को भी तोड़कर खेतों में घुस कर फसलों में तबाही मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन बेसहारा पशुओं पर प्रशासन और सरकार द्वारा अंकुश नहीं लगाया गया तो किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ेगा।

# ब्राह्मणों के सहयोग से तीज त्यौहार की लिस्ट तैयार की

## विचार-विर्मश कर जारी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्राचीन देवी मंदिर में रविवार को ब्राह्मण परिवार पानीपत की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रामरतन शर्मा ने की। वहीं बैठक में सभी विद्वान ब्राह्मणों के सहयोग से तीज त्यौहार की लिस्ट तैयार की गई। जिसे शीघ्र ही अन्य विद्वानों से विचार-विर्मश कर जारी कर दिया जाएगा। आचार्य पंडित लाल मणि पांड़ेय ने कहा कि उनका मकसद है सभी त्यौहारों की अलग-अगल तिथियों पर न मनाएं बल्कि एक ही दिन सभी जगहों पर त्यौहार मनाए जाएं।

- सभी त्यौहारों की अलग-अगल तिथियों पर न मनाएं

### बच्चों को अच्छे संस्कार दें

**पानीपत।** पानीपत भगत नगर सुधीर नगर में चल रही श्रीमद् भागवत संस्कारों की कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास पूरनचंद ने बताया कि हमको हमारे परिवार को संस्कारों की बहुत जरूरत है। हर परिवार अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें।



### श्रीगोवंश चिकित्सालय के प्रधान बने श्याम लाल

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो वंश चिकित्सालय की नई कार्यकारिणी बनाने के लिए मीटिंग हुई। अध्यक्षता संत गोपाल दास ने की। सदस्यों से बातचीत करने और विचार करने के बाद सर्वसम्मति से श्याम लाल गर्ग को प्रधान बनाया गया। कार्यकारिणी बनाने के लिए श्यामलाल गर्ग को अधिकृत किया गया। इस अवसर पर सुभाष जैन, हाकम सिंह चौधरी, सुखपाल धीमान, जितेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जिले सिंह शर्मा, प्रदीप कुंद्रा, सतीश गुप्ता, चंद्रशेखर अत्रि, जय गोपाल, हरीश गुप्ता और कई गौ सेवक उपस्थित रहे।

# भगवान पार्श्वनाथ की जयंती पर निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज सेवा संगठन की ओर से आज रविवार को अग्रवाल मण्डी जैन स्थानक में आस पास की कालोनियों में 600 बच्चो को गर्म सूट व लेडीज को गर्म शाल वितरण की मुख्य अथिति विजय लक्ष्मी पालीवाल, जगदीश जैन सुभाष वशिष्ठ अथिति गौतम जैन नरेश जैन जगदीश जैन भूपेंद्र दीक्षित प्रमोद जैन ने अभियान की शुरूआत की । मुख्य अतिथि ने कहा समाज सेवा संगठन ठंड के मौसम में जरूरत मंद को गर्म कपड़े व शाल वितरण कर बहुत ही सरहनीय कार्य कर रहा है हम सबको ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत आज जैन धर्म के 23 वे तीथंकर भगवान पार्श्वनाथ के 2900 वे तप व जन्म कल्याणक के उपलक्ष पर जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी में आस पास की कालोनी व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले 700 बच्चों को गर्म सूट व औरतों को गर्म शाल वितरण की।

- ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए




जन सेवा संगठन के पदाधिकारीगण निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

### शराब तस्करी के दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने शराब तस्करी मामले में मुख्य आरोपी कुलविंद्र निवासी गांव बलाना को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया व आरोपी दीपक निवासी गांव पलड़ी को सनौली रोड से गिरफ्तार किया।

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने बीते वर्ष 16 दिसम्बर को डाहर गोल चक्कर के पास बने टीन गोदाम से अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पकडी थी और तीन आरोपियों मोहम्मद तबरेज निवासी झाडवा मोतिहारी बिहार, मुनव्वर निवासी कांधला शामली यूपी व महाबीर निवासी गांव मतलौडा जिला पानीपत को गिरफ्तार कर चुकी है।

**पंजाबी एकता परिषद ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित किया पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आनंदोत्सव**

# पर्व हमें पारस्परिक सौहार्द और मिलन का संदेश देते : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंजाबी एकता परिषद द्वारा पारस्परिक सौहार्द के पावन पर्व लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष में पारिवारिक मिलन समारोह आनंदोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाबी समाज के हजारों लोगों ने शिरकत की। पिपली रोड स्थित स्टलिंग रिजॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा, सीएम के करनाल ओएसडी संजय बठला, पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद, कुरूक्षेत्र विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, रोटरी गवर्नर अरुण मोंगिया, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा आदि ने विशेष रूप से शिरकत की। पंजाबी एकता परिषद के प्रधान जितेंद्र ढींगरा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की सभी को शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद देते हुए लोहड़ी प्रज्जवलित की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमारे पर्व हमें पारस्परिक सौहार्द और मिलन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि अपने परंपरागत पर्व और त्योहारों को हम सबको मिलकर मनाना

- परंपरागत पर्व और त्योहारों को हम सबको मिलकर मनाना चाहिए



पंजाबी एकता परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि एवं समाज के लोग।

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों में प्रसिद्ध गायक शमिंदर शम्मी के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक लोक गीतों से लोहड़ी और मकर सक्रांति की सभी को बधाई देते हुए सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पंजाबी एकता परिषद के संरक्षक मदन मोहन छाबड़ा, डॉक्टर एसी नागपाल, कुलवंत राय छाबड़ा, सुरिंदर ढींगरा, डॉक्टर डीके ललित, हरविंदर सिंह बिंद्रु, उपाध्यक्ष आनंद बजाज, धीरज गुलाटी, फतेह चंद गांधी, डॉक्टर हिमांशु आनंद, महासचिव डॉक्टर संदीप छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा सहित सभी पदाधिकारियों ने अपनी ड्यूटी बाखूबी निभाई। कार्यक्रम में समाज के 1500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण बजाज, सुरिंदर सुधा, प्रतीक सुधा, डॉ. विवेक चावला, डॉ. नरेंद्र परुथी, डॉ. एसएस अरोड़ा, डॉ. भोला, डॉ. सेठी, डॉ. मनीष मदान, डॉ. रमन अनेजा, डॉ. अर्पित तनेजा, डॉ. झांब, डॉ. विवेक ललित, अजय बजाज, विहिप के प्रचार सचिव राजेश अरोड़ा, भाजपा के थानेसर मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, भाजपा नेता विनीत बजाज, दीपक वर्मा, तेजेंद्र मक्कड़, धीरज छाबड़ा, विवेक कक्कड़, गिन्नी कक्कड़, श्याम आहूजा, प्रशांत पुरी, संजीव जुल्का, संदीप चोपड़ा, राजेश आनंद, मनोज परुथी, जितेंद्र मेहता, कीर्ति खोसला, दिनेश अनेजा, मुलख राज अनेजा, बिट्टू मेहता, विजय ढींगरा, स्वीटी मेहता, नरेंद्र ढींगरा, परवीन नागपाल, परमिंदर मक्कड़, नोनी सिंह, अमरजीत कालड़ा, विजय बजाज, गगन चोपड़ा, संदीप कोहली, राधेश्याम वधवा, डॉ. प्रहलाद खंडूजा, प्रो. बृजेश साहनी, डॉ. राकेश पाहवा, डॉ. दीपक बब्बर, सोम सचदेवा सहित समाज के असंख्य अन्य गणमान्य लोग परिवार सहित शामिल हुए।

# नगर निगम पूर्व मेयर और पार्षदों की संपत्ति की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में लाल बती चौक स्थित संविधान चौक पर रविवार को सर्व समाज व विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। इधर, यज्ञ में आहुति डालने के बाद हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान राकेश चुघ, संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान राजेश सूरी, सर्व जातीय पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत व संयोजक डा. नरेंद्र जेसिया, पालिका बाजार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण अग्रवाल, गुरूद्वारा मार्केट के प्रधान सुरेश बवेजा, स्मॉल स्केल इंजीनियरिंग एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर मलिक, हलवाई हट्टा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल वर्मा, सुरेश नारंग प्रधान, जोनी चावला, जसबीर जस्सा, सरदार बलजीत सिंह, यशपाल पंवार, हरीश सलुजा, शालु परनामी, दीपक बग्गा,पवन गर्ग, चंदन, असद, सनी गोस्वामी, राजकुमार मुंडे, अजय शर्मा, नीलम परनामी आदि ने निगम द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, घोटालें के सभी आरोपों, निवर्तमान मेयर व पार्षदों की संपत्ति की जांच की मांग की ।

- -पानीपत के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सद्बुद्धि यज्ञ कर निगम के कार्यकाल की जांच की मांग की



पानीपत में यज्ञ में आहुति डालते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण।

## खबर संक्षेप

### रोहतक में होने वाली रैली इतिहास रचेगी

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ जिला करनाल की कार्यकारणी की मीटिंग कर्ण गेट स्थित सर्व कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी व संचालन सचिव सेवा राम ने किया। जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी ने कहा कि चार फरवरी को रोहतक में होने वाली रैली इतिहास रचेगी। उन्होंने तमाम विभागों में कार्यरत यूनियन के कर्मचारी नेताओं से कहा कि सभी कर्मचारियों से संपर्क कर रैली में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### श्री राम जी का अयोध्या धाम से निमंत्रण आया

**करनाल।** जिले के छः संतो को प्रभु श्री राम जी का श्री अयोध्या जी धाम से निमंत्रण आया है। करनाल जिले से छः सन्त प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से साक्षी बनेगे। जिनमें जुंडला गॉव से गौ भक्त गोपाल स्वामी जी, तरावड़ी से साध्वी मुक्ता भर्ती , डाचर गॉव से राहुल गिरी महाराज, कलसोर गांव से आचार्य ओम प्रकाश, घरौंडा तहसील के कालरम गांव से स्वामी दिव्यनन्द योगिराज के अलावा इंद्री रोड स्थित जैन आराधना केन्द्र से पीयूष मुनि महाराज का निमन्त्रण आया है।

### चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ताः हुड्डा

**करनाल।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण शर्मा बसताड़ा के निवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे। यहां सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चाय पर चर्चा की। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

### सुफला एकादशी के दिन किया पौधारोपण

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति करनाल ने सेक्टर-13 पार्क नं. 5 में पौधारोपण किया। समिति द्वारा नववर्ष 2024 में सुफला एकादशी के दिन पौधारोपण करके प्रदुषण मुक्त भारत एवं स्वच्छता का संदेश दिया। समिति अध्यक्ष एस.डी. अरोड़ा ने बताया कि पार्क में फलदार पौधे आम, नींबू, जामुन, आंवला और नीम आदि के हवादार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि प्रदुषण के कारण मनुष्य के स्वस्थ जीवन को खतरा पैदा हो गया है। हवा में ठण्ड के कारण प्रदुषण के कण हवा में घुल-मिल गए हैं।

### आपदा से निपटने के लिये जन सहयोग जरूरी: बंडारू दत्तात्रेय

# भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को बताईं देशहित में मोदी व मनोहर की योजनाएं

**ग्रामीणों ने राज्यपाल को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित, जनसंवाद कर लोगों को मौके पर दिया पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि किसी भी आपदा से निपटने के लिये केवल सरकारी प्रयास ही काफी नहीं हैं। इसके लिये जन भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने प्रदेश व राष्ट्र की प्रगति के लिये हर क्षेत्र में महिलाओं की भीादारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल आज घरौंडा हलका के गांव लालुपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने विधायक श्री हरविंद्र कल्याण के साथ विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित स्टाल्स का अवलोकन किया तथा बुजुर्गों से बातचीत की। सरपंच ओमबीर व गांव के मौजिज लोगों की ओर से राज्यपाल का पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर हरियाणा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर बनी लघु फिल्म भी दिखाई गई। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का लाइव उदबोधन सुनाया गया। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि जैसा कि विधायक श्री कल्याण ने बताया कि इस साल यमुना क्षेत्र में आई बाढ़ के समय लालुपुरा के लोग तटबंध की मजबूती के लिये डटे रहे, ग्रामीणों ने यह सराहनीय कार्य किया। इसके लिये वे ग्रामीणों के साथ-साथ विधायक का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के कल्याण के लिये अनेक योजनायें क्रियान्वित की हैं। श्री मनोहर लाल के लिये पूरा हरियाणा एक परिवार है। वे गरीबों, महिलाओं के उत्थान की ओर काफी ध्यान दे रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ईमानदारी और कत्तव्यनिष्ठा से काम कर रहे प्रधानमंत्री आज गरीबों के दिलों में बस चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पढने का समान अवसर उपलब्ध कराने के लिये महत्त्वाकांक्षी योजना चिराग शुरू की है। हरियाणा सरकार ने 70 नये कालेज खोले हैं जिनमें से 32 महिलाओं के लिये हैं। उन्होंने कहा किविकसित भारत संकल्प यात्रा में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित अब तक 35 लाख 70 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में करीब सात लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 7 लाख 35 हजार आयुष्मान भारत कार्ड जारी किये गये। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। यात्रा में हरियाणा में 99 रथ चल रहे हैं।





### विधायक ने किया राज्यपाल का स्वागत

भाजपा राज में यमुना बेल्ट में अनेक विकास कार्य-इससे पहले विधायक हरविंद्र कल्याण ने राज्यपाल का यमुना बेल्ट के इस गांव पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल की सादगी, सरलता और समाज से जुड़ाव देखते ही बनता है। उन्होंने कहा कि इस साल यमुना क्षेत्र के 30 गांव बाढ़ की चपेट में आये थे। हजारों मजदूर और लालुपुरा के लोग यमुना के तटबंध को बचाने के लिये मजबूती से डटे रहे। श्री कल्याण के कहा कि भाजपा राज से पहले यमुना बेल्ट के करीब 40 गांव विकास की दृष्टि से पूरी तरह उपेक्षित थे। लेकिन 2014 के बाद इनमें विकास हुआ है। कुटेल में नई मेडिकल यूनिवर्सिटी और 17 सौ करोड़ की लागत से बनने वाले रिंग रोड का निर्माण जारी है। करनाल में 250 करोड़ की लागत से नई चीनी मिल बनाई गई है। मेरठ रोड को चार लेन का किया गया है। हलके में 5 नई पीएचसी में से तीन यमुना बेल्ट में बनाई गई हैं। इसके अलावा 70 नई सडक़ों में से 40 यमुना बेल्ट की है। हलके में 40 पुल और सात नये पावर हाउस बनाये गये हैं। नली पार में लड़कियों की आईटीआई मंजूर की गई है। भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिये ईमानदारी व गंभीरता से काम कर रही है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित-राज्यपाल ने इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली एसएचजी की कुसुम, आंगनवाड़ी वर्कर ममता व रीटा, मेधावी छात्रा शीतल, हिमांशी व पूर्व सैनिक राजकुमार को सम्मानित किया।

### स्वयं सहायता समूहों को सरकार 50 हजार से 3 लाख रतक का ऋण उपलब्ध करा रही

यह यात्रा 26 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव व शहर से गुजरेगी। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में करीब 40 हजार स्वयं सहायता समूह है। हर समूह में कम से कम दस महिला सदस्य हैं जो प्रतिभा के दम पर अच्छे उत्पाद तैयार करती हैं। इन स्वयं सहायता समूहों को सरकार 50 हजार से 3 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करा रही है। ये समूह ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक समूह द्वारा निर्मित स्वादिष्ट लड्डू खाने से उनकी भूख ही खत्म हो गई। बाजार के लड्डू में इतना स्वाद नहीं होता। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति नजदीक है। उस दिन तिल और गुड़ का सेवन से अभिप्राय यही है कि सब आपसी प्रेम व भाईचारे से रहें। ग्रामीणों से अपील की कि वे मीठा खायें, मीठा बोलें और मीठे कार्य यानि अच्छे कार्य करें। ऐसा करने से देश भी श्रेष्ठ बनेगा। बाद में उन्होंने विधायक हरविंद्र कल्याण के लिये यमुना के तटबंधों का दौरा किया। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल कुटेल स्थित लिबर्टी शू लि. पहुंचे और फैक्टरी के संचालन संबंधी जानकारी ली। इस मौके पर कंपनी के एमडी शम्मी बंसल ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### लोगों को बांटे गैस के चूल्हे व सिलेंडर

गैस कनेकशन-इस मौके पर अंजू रानी व निशा का उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेकशन दिये गये। तीन की पैंशन बनाई-आज बलींद्र, कुसुम और धर्मबीर की पैंशन बनाई तथा कुलदीप और रवि का बीपीएल कार्ड बनाया गया। राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की ओर से सरपंच को अभिनंदन पत्र दिया। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, पानीपत के एसपी अजीत सिंह शेखावत चीनी मिल के एमडी हितेंद्र, एसडीएम घरौंडा अदिति, हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर कल्याण निमक की अध्यक्ष निर्मल बैरागी, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, घरौंडा नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा जिला चुनाव संयोजक जगदीश राणा, जिला भाजपा सचिव मंजू खैंची, निशांत राणा, कविंद्र राणा आदि मौजूद थे।

## साहित्य कला मंच के कार्यक्रम में बही साहित्य की गंगा

- कुंजपुरा गांव में सांझा विरासत कार्यक्रम में जुटे रचनाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में साहित्य की गंगा बही। श्रोताओं ने रचनाकारों की खूब हौसला अफजाई की। मंच संचालन कर रहे शिक्षक अश्विनी शर्मा ने कहा कि आसमानों को जमीनों से मिलाने वाले, झूठे होते हैं ये तकदीर बताने वाले, अब तो मर जाता है रिश्ता बुरे वक्तों पर, पहले मर जाते थे रिश्तों को निभाने वाले...। रचनाकार कमलेश कुमार पालीवाल पानीपत ने कहा कि सारा इंतजार का मजा जाता रहा, वो कमबख्त वक्त पे आता रहा...। क्लब के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने युवा पीढ़ी को साहित्य रूपी सागर में डुबकी लगाने के लिए प्रेरित किया। एक रचना पेश करते हुए उन्होंने कहा कि बाबर तेरे गुनाहों की कलई खुली आखिर, खूं के दरिया बहाकर तूने की मस्जिद तामीर...। रामेश्वर देव ने कहा कि रास्ता वो अपना बदलकर दूर कहां जाएगा, जब वो रहता है मेरे दिल में नजर भी आएगा...। सचिन पाल दिवाना ने कहा कि मेरे हालात बताते हैं कहानी मेरी, भला करते-करते गई जवानी मेरी...। केएस राय ने कहा कि मेहनत की क्या खूब लत लगी है, अब हम कभी झुकने वाले नहीं...। हरिओम पांचाल व बलराज ने गजल तथा अजय जुंडला व सुरेंद्र कुमार ने हरियाणवी रागिनी पेश कर वाहवाही लूटी। राजपाल रोजड़ा ने कहा कि कब तक छुपे रहोगे इकरार करते करते, मेरी उम्र जाए बीती इंतजार करते करते...। हास्य कलाकार दिलबाग सिंह ने कहा कि तीर उसने मगरिब में छोड़ा मसरिब में हम घायल हुए, तीर जालिम पहचान कर गया एक दो नहीं सैकड़ों निशां कर गया।



**करनाल।** कुंजपुरा स्थित विकास क्लब भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बुद्धिजीवी। *फोटो : हरिभूमि*

## महारैली को लेकर विचार-विमर्श

- जगाधरी में 10 जनवरी को होने वाली अतिथि अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की बैठक जाट भवन में राज्य महासचिव प्रदीप बतान की अध्यक्षता में हुई। जगाधरी में 10 जनवरी को होने वाली अतिथि अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। महारैली को एतिहासिक बनाने के लिए रणनीति तय की गई। इस मौके पर प्रदीप बतान ने कहा कि करनाल जिला के अतिथि अध्यापक महारैली में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। हम एकजुट रहकर संघर्ष जारी रखेंगे तो सरकार को अतिथि अध्यापकों की जायज मांगों को लागू करना पड़ेगा। पिछले 18 वर्षों से गेस्ट टीचर सरकार द्वारा किए जा रहे शोषण का शिकार हो रहे हैं। एक प्रमुख मांग रोजगार नियमित करने की है। करनाल जिला प्रधान जसमेर सिंह ने कहा कि सरकार ने घोषणा पत्र में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। राज्य महिला उपाध्यक्ष मेनका शर्मा ने कहा कि जगाधरी में होने वाली रैली में महिला अध्यापक ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेंगी। इस अवसर पर मदन शर्मा असंध, रणधीर सिंह नीलोखेड़ी, नरेश कांबोज इंद्री, प्रवीण शर्मा करनाल, जोगिंद्र मान घरौंडा व किरणपाल राणा निसिंग आदि मौजूद रहे।



## आर्य समाज मंदिर तरावड़ी में हुआ साप्ताहिक हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आर्य समाज मंदिर तरावड़ी में साप्ताहिक हवन का आयोजन रविवार को सुबह किया गया। साधना आर्य ने मंत्र उच्चारण के साथ हवन को संपन्न करवाया। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने हवन में आहुति डालकर सभी लोगों के स्वस्थ और समृद्ध होने की कामना की। इस अवसर पर हुकुमचंद जांगड़ा ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार अगर आप रोजाना हवन करते हैं तो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे सुख-समृद्धि और कामयाबी के द्वार अपने आप खुलने लगते हैं और मन को आत्मिक शांति मिलती है। हवन करने से जिंदगी में आ रही रुकावटें दूर हो जाती हैं। हवन करने से वातावरण में पैदा होने वाली शुद्ध हवा हमें बीमारियों से बचाती है और हमें ईश्वर से जोड़ता है। हवन इत्यादि में प्रज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हवन या यज्ञ के आयोजन से देवताओं को आहुति प्रदान की जाती है। जिससे वह प्रसन्न होकर साधकों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण कर देते हैं। इस अवसर पर यज्ञमान बनी अनिता देवी को सभी ने आशीर्वाद दिया और उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## कड़ाके की ठंड में भी कार्यकर्ताओं ने दिखाई संगठन की ताकतःडा. अजय चौटाला

- जेजेपी को प्रदेश का सबसे बड़ा और मजबूत संगठन बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता – डिप्टी सीएम
- कांग्रेस के दुष्प्रचार का गठबंधन सरकार के विकास कार्यों से जवाब दें जेजेपी कार्यकर्ता – दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी कार्यकर्ता संगठन की ताकत को बढ़ाएं, अगर कहीं कोई कमी रही है तो उसकी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले-पहले भरपाई करें। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार के कार्यों का प्रचार-प्रसार करके जेजेपी की हवा बनाएं, ताकि जब चुनाव आएंगे तो ये हवा तूफान में परिवर्तित होकर जनता को गुमराह करने वाले विरोधियों को उखाड़ फेंकना का काम करेगी। अजय चौटाला ने कहा कि राज में हिस्सेदारी होने से ही आज जेजेपी ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अनेक जन कल्याणकारी चुनावी घोषणाओं को कानूनी तौर पर अमलीजामा पहनाया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी कोई कोर-कसर रही है तो उसको भी सवाया करके लौटाया जाएगा। वे रविवार को घरौंडा में आयोजित जेजेपी की करनाल लोकसभा की नवसंकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। भारी भीड़ को देखकर अजय चौटाला ने कड़ाके की ठंड के बावजूद सफल रैली करके संगठन की ताकत दर्शाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जनता को गठबंधन सरकार के जनहितैषी कार्यों से अवगत करवाया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के मूलमंत्र दिए। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन सरकार ने पिछले चार सालों में प्रत्येक वर्ग के हित में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए है और उसकी बदौलत आज हरियाणा प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाएं जैसे पीले राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, जाति, जन्म व रिहायशी प्रमाण पत्र आदि को घर द्वार तक आसानी से उपलब्ध करवाया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मौजूदा सरकार ने किसानों की फसल खरीद एवं भुगतान की प्रक्रिया को बेहतर किया है, जिससे किसान और आढ़ती दोनों को लाभ पहुंचा है क्योंकि पूर्व कांग्रेस सरकार में फसल भुगतान के लिए किसानों को आढ़ती और आढ़तियों को अधिकारियों के कई-कई दिनों तक चक्कर काटने पड़ते थे। इसी तरह अब किसान फसल खराबे की रिपोर्ट स्वयं ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं। । इस अवसर पर विधायक अमरजीत ढांडा, वरिष्ठ नेता बृज शर्मा, हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन चौधरी, बहन फूलवती, राजस्थान जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी मील, पूर्व विधायक रमेश खटक, सुरेश काला, देवेंद्र कादियान, प्रेम शाहपुर, राममेहर ठाकुर, जिला अध्यक्ष गुरुदेव रंबा, करनाल जिला प्रवक्ता यशकरण राणा, रणदीप कौल आदि मौजूद रहे।

## युवाओं के लिए रोजगार के अवसर हो चुके समाप्तः दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है किहरियाणा में शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बिल्कुल समाप्त हो चुके हैं।और इसी के कारण हरियाणा से बड़ी मात्रा में युवा विदेश में पलायन कर रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा शनिवार की देर शाम बसताड़ा टोल प्लाजा के समीप कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र राठौर के फार्म पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा का ब्राह्मण सभा घरौंडा, पंजाबी सभा,मुल्तानी सभा,अनाज मंडी के व्यापारियों के अलावा करीब एक दर्जन सभाओं में पगड़ी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाते हुए कहा कि पिछले वर्ष 6 जनवरी को कांग्रेस के राहुल गांधी ने पानीपत से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी और आज उसकी वर्षगांठ है।और उसे भारत जोड़ो यात्रा में जिला करनाल के कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा था जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। मंच के माध्यम से बोलते हैं उन्होंने कहा कि भाजपा के 9 साल के शासनकाल में मध्य प्रदेश के युवाओं के शोषण के अलावा और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री बिना पर्ची बिना खर्ची की बात करते हैं लेकिन असलियत यह है कि प्रदेश में अगर युवाओं को रोजगार मिलते तो वह विदेश में पलायन न करते उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में पर्ची तो अवश्य चलती है लेकिन वह आरएसएस के द्वारा दी गई होती है। राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र राठौड़ ने कहा कि वर्तमान सरकार में पूरे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी है। इस सरकार ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया। हरियाणा विकास में 17 वें पायदान पर पहुंच गया। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार में नंबर 1 बना दिया हर घर में पढ़ालिखा नौजवान बेरोजगार है। महंगाई से हर घर का बजट बिगड़ गया। सरकारी रोजगार प्रदेश ही नहीं पूरे देश में समाप्त किये जा रहे हैं या तो उन्हें कच्चे में बदला जा रहा है।

### डमिंटन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




बी-24 बेडमिंटन अकादमी में बेडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कियों और लडक़ों के एकल मैच खेले गए। प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की तैयारी भी कर रहे हैं। युवा खिलाडिय़ों का सपना देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने का है। दूसरे दिन के परिणामों की जानकारी देते हुए अकादमी संचालक नरेंद्र कुकरेजा व रवि भाटिया ने बताया कि अंडर-15 आयु वर्ग में लडक़ों में अभीनव ने उदय, गर्व ने कमल, वंश ने शौर्य, एरोन ने गीतांश, आर्यन ने नमन, आदित्य ने नमीश, समर्थ ने समरीत, ईशान ने रितेश, निशांत ने युवांश, सिद्धार्थ ने आशीष, शिव ने आर्यन, अवयुक्त खंडूजा ने ओम, मानव ने हरसिमर तथा अभिनव ने अंगद को पराजित किया। इसी आयु वर्ग में लड़कियों में निष्ठा ने भाग्या, परिकंशा ने उन्नति, अरशिया ने सचप्रीत, अभिश्री ने दीपाली, हर्षिता ने प्रियांशु, सारा यादव ने चारवी, बारूनी ने धन्य तथा दिशा ने काशवी को हराया। अंडर-17 आयु वर्ग में लडक़ों में रेयांश ने कुलप्रीत, आयुष ने वंश, रुद्र ने कृष्णा, समृत ने समृद्ध तथा भाविक ने विनय को पराजित किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें राजेश डुडेजा, पुनीत मग्गू, आनंद मोहन, केवल कृष्ण, गौरव गोयल, हरप्रीत सिंह व अनुज पुनिया शामिल हैं। कोच शिवम, शालू व सुमित ने खिलाडिय़ों का मार्गदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### आसरा फांउडेशन ने कंबल बांटे

**पानीपत।** आसरा फाउंडेशन ने निर्धनों को कंबल बांटे। वहीं आसरा फाउंडेशन के अनवी शिंगला, राघव अरोड़ा, सहज गोयल, कार्तिक सिंगला, जॉय जोशियामा कालरा, धुरव गांधी, चैतन्य अग्रवाल, कशिका मेंहदीरत्ता, खुशी मित्तल, श्रेया जैन, दृष्टि शर्मा, अवनी जैन व दुर्गेश रावल ने बताया कि नगर में मजदूर तबके के लोगों को तीन सौ से अधिक कंबल बांटे गए।

### डीएवी स्कूलों के खेलों का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेलकूद में 800 से अधिक लड़कियों एवं 1200 से अधिक लड़कों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें झारखंड, उत्तराखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, सिक्किम, हरियाणा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, जम्मू और कश्मीर, चंडीगढ़ एवं पंचकूला, राजस्थान, दिल्ली गुजरात और महाराष्ट्र के डीएवी स्कूलों के विधार्थी भाग ले रहे।

### ओबीसी समाज की मीटिंग हुई

**पानीपत।** पानीपत में रविवार को ओबीसी समाज से जुड़े वर्ग के कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। मीटिंग में समाज के लोगों ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। मंच से ऐलान किया गया कि समाज के बैनर तले पूरे प्रदेश में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही चुनावों में अब किसी भी पार्टी का सहयोग नहीं किया जाएगा। सभी 90 विधानसभा सीटों और 10 लोकसभा सीटों पर समाज के ही उम्मीदवार को उतारेंगे। जिसकी पूरा समाज पैरवी करेगा। इस अवसर पर पानीपत ओबीसी समाज के प्रभारी एवं आयोजक गोविंद सैनी, रिटायर्ड जज एवं रिटायर्ड कमिश्नर सूरत सिंह बाबलिया आदि उपस्थित रहे।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भारत सरकार के हर हाथ रोजगार के लिए सवरोजगार स्थापित करने के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमिता मंत्रालय द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में डीएफओ कार्यालय करनाल से बलबीर सिंह सहायक निदेशक, तुलाराम लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व राकेश कुमार जिला रिसोर्स पर्सन ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूक किया।

### समय की कदर करें छात्र

**पानीपत।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के समापन पर एनएसएस जिला संयोजक सुनील मलिक ने स्वयं सेवकों को अपने सम्बोधन में कहा कि समय एक मूल्यवान संसाधन है जो हमें अपने जीवन की सफलता और समृद्धि की और को जाने में मदद करता है। समाज सेवी नवरत्न पावटी, सुमन, प्रवीण, काजल, तमन्ना व राहुल उपस्थित रहे।

### मोदी ने दिया सिखों को सम्मान

**पानीपत।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि आजादी के बाद 75 वर्षों में सिख समुदाय को उनका बनता मान सम्मान देने वाली मोदी सरकार पहली सरकार साबित हुई है। इसलिए सिख समुदाय को टकराव और विवाद की मनोवृति छोडकर कौम व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

### मोबाइल फोन वितरित कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** पानीपत की महावीर कालोनी में सरकार की ओर से मोबाइल फोन वितरित कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें सभी आंगनवाड़ी वर्करों ने भाग लिया। सुमन, कमलेश, अनिता, राजरानी, अंजु, सत्यावती, गीलू, रमेशी रानी, किरण, आशा, पुणेश आदि में मौजूद रही।

नगर कीर्तन में स्कूल के बच्चों, गतका पार्टियों ने अपने करतब दिखाए

# गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन निकाला

कॉलोनी वासियों ने जगह-जगह नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

नगर निगम के वार्ड दो के नूरवाला में सिखों के गुरू गोविंद सिंह जी 354वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरू ग्रंथ साहिब एवं पंच प्यारों की अगुवाई में गुरूद्वारा सिंह सभा ने 16वां विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन नूरवाला से शुरू होकर जसबीर कालोनी, इन्दिरा विहार कालोनी व बरसत रोड के मार्गो से होते हुए वापिस गुरूद्वारे में सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन में स्कूल के बच्चों ,गतका पार्टियों ने अपने करतब दिखाए। वहीं नगर कीर्तन में जत्थों ने भी कीर्तन में गुरू ग्रंथ साहिब व गुरू गोबिन्द सिंह जी का गुणगान किया। नगर कीर्तन में जो बोले सो निहाल, सतनाम वाहे गुरू आदि के नारों से नगर गुजायमान हो गया। कॉलोनी वासियों ने जगह-जगह नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत करके दूध, चाय, मिष्ठान , खीर, हलवा व चावल का प्रसाद भी बांटा गया। नगर कीर्तन में शहर की धार्मिक संस्थाओं ने सहयोग किया। इस अवसर पर गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान स.खडक सिंह चीमा, गुरूद्वारा के ग्रंथी रघबीर सिंह, यादविन्द्र चढढा, स. बलविन्द्र सिंह, दर्शन सिंह हंस, स.बलजिन्द्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, गुरप्रीत सिंह, साहब सिंह, ओमकार सिंह, सोनू सिंह, चरणजीत सिंह, गुरबचन सिंह, जयमल सिंह, पम्पा सिंह, काला सिंह, हैप्पी व बलजीत कौर आदि ने सेवा की।



पानीपत। नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे। फोटो :हरिभूमि



# जजपा की नव संकल्प रैली ऐतिहासिक हुई : जयदेव

■ भीषण ठंड में भी रैली में पुरूषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

जजपा के प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने दावा किया कि करनाल जिला के घरौंडा में आयोजित जजपा की लोकसभा स्तरीय नव संकल्प रैली ऐतिहासिक हुई। भीषण ठंड होने के बावजूद भी रैली में पुरूषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लेकर साबित कर दिया कि जजपा का जनता में तेजी से ग्राफ बढ़ रहा है। जजपा ने जनता से किए हर चुनावी वादे को पूरा किया है, इसी कारण जनता में जजपा के प्रति स्नेह है। उन्होंने दावा किया कि जजपा की नव संकल्प रैली राजनीतिक रूप से करनाल लोकसभा क्षेत्र में नया राजनीतिक संदेश छोड़ गई है। दावा किया कि पानीपत जिला से भी बड़ी संख्या में लोगों ने जजपा की रैली में भीषण ठंड के बीच शिकरत कर यह संदेश दिया है कि जजपा की जनता पर पकड़ कितनी मजबूत है।

# मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी का हिस्सा बनें : दुष्यंत

■ पानीपत जिला भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

भारत को सन 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाना जरूरी है। सभी कार्यकर्ता 2024 के चुनावी तैयारी में जुट जाए ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने अपने सेक्टर छह स्थित निवास पर मंडल अध्यक्षों की बैठक में संगठन संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से संपर्क साध सभी को सक्रिय करें। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता विकसित भारत यात्रा में बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी का हिस्सा बनें। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाए। बैठक में जिला भाजपा महामंत्री कृष्ण छोकर किवाना, जिला भाजपा उपाध्यक्ष देव मलिक, भाजपा ओ बी सी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगा राम स्वामी, जिला भाजपा मंत्री सुनील परढाना, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुर्जर, हरीश कटारिया, सुनील कंसल, विजय शर्मा, दिवाकर मेहता, अर्जुन शर्मा, जसबीर छोकर, संजय त्यागी, नरेन्द्र बिंझौल, सोमबीर मलिक, योगेश भदड़, कुलदीप जांगड़ा, सुशील जिंदल, शिव कुमार रावल, राम कौशिक और विकास रूहल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए।

# विकसित संकल्प यात्रा में लोगों ने सुना सीएम का लाइव संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खोजकीपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों ने मुख्यमंत्री का मनोहर लाल का विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर दिए गए लाइव संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति लोगों में उमंग व उत्साह है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड व कई अन्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति के लाभ से अवगत कराया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विकसित भारत के संदर्भ में शपथ भी ली। जबकि भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टालों का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।



पानीपत।भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि दिव्यांगों को साइकिलें भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# बुजुर्गों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल सिंह ढांडा द्वारा यमुना एन्क्लेव में फिजियोथैरेपी एवं होमोपैथिक वेल्फेयर सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह सेंटर यमुना एन्क्लेव में रहने वाले वरिष्ट नागरिकों के लिए एक वरदान से कम नहीं है। सेंटर के सचिव महेंद्र भूटानी ने बताया कि इस सेंटर को चलाने के लिए यमुना एन्क्लेव के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर योगदान दिया है। आने वाले टाइम में इस सेंटर को चलाने के लिए एक ग्यारह सदस्यी कमेटी का गठन किया गया है। जो इस सेंटर को चलाने के लिए फंड उपलब्ध करवायेंगे। यहां पहुंचने पर विधायक महीपाल ढांडा का स्वागत किया गया। बुजुर्गों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है। इस मौके पर टीएस सहायक रजिस्ट्रार, पूर्व पार्षद अनीता परूथी, वीरेंद्र सोनी, नरेंद्र सिंह घनघस प्रधान, जे डी गुप्ता कोषाध्यक्ष, जे पी गुप्ता पैटर्न एवं कोऑर्डिनेटर ओ पी टूटेजा, मेंबर सुरजीत सिंह संधु, नरेंद्र पाल जैन, आत्म प्रकाश लखीना, एस के गाबा, जसबीर बेन्स, अनिल सिंगला, सतीश चुघ, जगत राम गोयल व नरेश सरदाना आदि उपस्थित थे।



पानीपत। विधायक महीपाल फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारंभ किया। फोटो :हरिभूमि

# जन सेवा दल ने निर्धनों को राशन बांटा

■ अतिथियों का सरोपा भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

देव लोक वासी स्वामी विशुद्धानन्द की प्रेरणा से जनसेवा दल द्वारा 350 साधनहीन जरुरतमंदों को आटा, जर्सिया व कंबल आदि बाटें गए। समारोह में श्री राधे राधे महाराज, ब्रहम ऋषि, श्री राजेंद्र रतन व समाज सेवी युधिष्ठिर शर्मा ने जन सेवा दल की परोपकारी सेवाओं की सराहना की। वहीं जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी, प्रधान किशन मनचन्दा व जनसेवा दल के सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों का सरोपा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों में सतीश गोयल, मदन डुडेजा, विनय गर्ग, राजेन्द्र जैन, विनय शिंगला, कृष्ण रेवडी, हरीश खुराना, दयानंद खुंगर, शशि भूषण, सुभाष एलावादी, किशन मन्चन्दा, शामलाल खुंगर, अशोक मिगलानी, मदन आजाद आदि उपस्थित रहे। वहीं चमन गुलाटी ने कहा कि जनसेवा दल व आशियाना के माध्यम से सनातन संस्कारों के अनुरुप सभी जरूरतमंदों को राशन, जर्सिया व कम्बल प्रदान कर दरिद्र नारायण की सेवा की जा रही है, क्योकि निर्धन सेवा को ही नारायण सेवा माना गया है।




पानीपत। नगर कीर्तन की अगुवाई करते हुए पंच प्यारे। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 280 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**थानेसर।** श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत सभा थानेसर द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अग्रवाल धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 280 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओएसडी टू चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी एचसीएस हिना बिंदलिश ने किया। शिविर में पहुंचने पर पंचायत के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित शिविर आरंभ करवाया। शिविर में डॉक्टर प्रतीक अहलावत, डॉक्टर अंशुल मंगला, डॉक्टर प्रियंका गर्ग, डॉक्टर वंशिका गर्ग ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में हड्डी, जोड़ों, हृदय रोग, स्वशन रोग, दांत रोग व अन्य बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम में अशोक बुवानीवाला ने भी विशेष रूप से शिरकत की।

पंचायत के उप प्रधान प्रदीप सिंगला, महासचिव गौरव सिंगला, सह सचिव दीपक सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग, राजेश्वर गोयल, अश्वनी जिंदल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं बुक्के भेंट कर सम्मानित किया। डॉक्टरों को भी संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पोस्टल बास्केटबाल टूर्नामेंट आज से

■ चार दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट में 72 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभागिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा परिमण्डल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी ने बताया कि अखिल भारतीय डाक खेल बोर्ड हर वर्ष 14 खेल टूर्नामेंट आयोजित करवाता है। इस वर्ष हरियाणा डाक परिमंडल को 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह टूर्नामेंट 8 से 11 जनवरी तक बहु उद्देशीय हाल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वे एनआईटी के सीनेट हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में पंजाब, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और मेजबान हरियाणा की टीमें भाग लेंगी। बास्केटबॉल टूर्नामेंट के सफल एवं पारदर्शी संचालन के लिए बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से प्रमाणित कोच को रेफरी के रूप में आमंत्रित किया गया है। निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राजेश सोबती टूर्नामेंट में मुख्य रेफरी होंगे। टूर्नामेंट में कुल 17 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन 8 जनवरी को सुबह 11 बजे कर्नल एसएफएच रिजवी मुख्य पोस्टमास्टर जनरल हरियाणा परिमण्डल अंबाला द्वारा किया जाएगा।

झांसा में लगाया निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर

# तेजी से बढ़ रहे रीढ़ की हड्डी के रोग: डॉ हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा गांव झांसा में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। इसमें ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि भारत के करीब 60 फीसदी लोगों को स्पाइन से जुड़ी कोई न कोई तकलीफ है। इनमें आईटी प्रोफेक्शनल्स की तादाद सबसे ज्यादा है। रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्याओं से बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि 20 वर्षीय युवा भी तेजी से शिकार हो रहे हैं। अधिकतर लोगों को सर्वाइकल, साइटिका जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी में विकार आने पर गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, मांसपेशियां कमजोर या लकवाग्रस्त होती हैं, संवेदना असामान्य या समाप्त हो जाती है और ब्लैडर तथा पेट के कार्य को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। डॉ जैन के अनुसार इस व्याधि का प्रमुख लक्षण कमर में दर्द होना है। कमर में लचक आने, झुकने, वजन उठाने, उठकर खड़े होने या उठने-बैठने में, यहां तक कि करवट बदलने में भी दर्द होता है। उन्होंने बताया कि सायटिका का होना, जिसमें किसी भी एक पैर में कूल्हे से एड़ी तक, पीछे की तरफ एक ही नस में दर्द होना, पांव में झुनझुनी होना, लेटने से आराम होना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। डॉ जैन ने बताया कि कमर दर्द के वैसे तो कई कारण होते हैं, लेकिन अधिकतर यह एल-4 या एल-5 डिस्क के अपने स्थान से हट जाने के कारण होता है। मोटापा, अति घोर परिश्रम करना, दूषित आहार करना, कमर या कूल्हे पर चोट लगना, खून के बहाव में रुकावट और टूटी हुई हड्डी या ट्यूमर की वजह से नस का दब जाना शामिल हैं। ज्यादा सवारी करना, शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द होता है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस कैंप में 114 मरीजों का मुफ्त चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल, हीमोग्लोबिन, पल्स रेट व ब्लड प्रेशर इत्यादि चैक किये गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाइयां भी दी गई। शिविर में समाजसेवी अरुण गोयल, अनिल खुराना, आकाश, जगदीश गाबा, डॉ राधेश्याम, सुनील, करण, अंजू, महक, बबिता लैब, हिमांशु गाबा, वंश सैनी, सुनीता, कोमल, ममता ने सराहनीय योगदान दिया।

### ठंड से जनजीवन हुआ प्रभावित

**पानीपत।** कड़ाके की ठंड में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान भी लगातार घट रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 16 और न्यूनतम तापमान चार डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि तीन किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने पर कोहरे से कुछ राहत मिली, लेकिन ठंड ने जकड़न बनाए रखी। मौसम विशेषज्ञों ने अगले 24 घंटे ठंड लगातार गिरने का अनुमान जताया है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मैदानी क्षेत्रों में इस बार ठंड का प्रकोप अधिक है। लोगों को इसमें संभलने की जरूरत है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि ठंड गेहूं व सरसों की फसल के लिए फायदेमंद है।

### शुभम ने जीता कांस्य पदक

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखू के शुभम ने ऋषि कुल विद्यापीठ सोनीपत में आयोजित किए गए चौथे ओपन नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्लस 56 किलो वजन भार में ब्रांच मेडल जीता है। कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक, पीटीआई आकाश ,संदीप मलिक और अकादमी के खिलाड़ी ने विजेता का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिला शिष्टमंडल

**बराड़ा।** भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा का एक शिष्टमंडल रविवार को भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष मनदीप राणा को मिला। संस्था के पदाधिकारियो द्वारा उन्हें पुष्पगुंछ देकर स्वागत किया। राणा ने कहा कि वह जल्द ही भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में नतमस्तक होने के लिए पहुंचेंगे।

### मासिक बैठक के लिए शिकायतें सूचीबद्ध

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश विश्वजीत सिंह ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए अधिकारियों को भी जरुरी निर्देश दिए गए हैं।

### 29 तक मिलेगी संपत्ति कर में छूट

**अंबाला।** नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नगर निगम के संपत्ति धारकों को विशेष छूट प्रदान की जा रही है। धारकों द्वारा पोर्टल पर लॉगिन करके अपने संपति के डाटा को स्वंय सत्यापित करके इस छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### स्वाभिमान से जीने के लिए करें पढ़ाई

**मुलाना।** रविवार को सैनी सभा हल्का मुलाना की ओर से माता सावित्री बाई फूले की 193 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान डॉ. सुरेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम में हल्का मुलाना के विधायक वरुण चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरक्त की। वशिष्ठ अतिथि के रूप में बीएसएनएल से बतौर एजीएम रिटायर हुए रतन लाल सैनी व आढ़ती प्रेम चंद सैनी पधारे थे।

## बाजारों से होकर निकलेगी श्रीराम यात्रा, विधायक बोले अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हर परिवार 101 दीए जलाए

*पंचायत भवन में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की हुई बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा अंबाला शहर के पंचायत भवन में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक असीम गोयल ने शिरकत की। मंच का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह ओंकार जी ने किया।

मंच पर विश्व हिंदू परिषद् के महासचिव अजैब, हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी सदस्य तरविंदर पाल सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह प्रदीप गोयल, नरेश अग्रवाल ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। विधायक असीम गोयल ने राम से श्रीराम बनने का उल्लेख करते हुए श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बारे में सभी को अवगत कराते हुए सभी से इस दिन को दीवाली से बढ़कर मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में अंबाला शहर में 14 जनवरी रविवार को मकर संक्रांति के दिन शहर के बस स्टैंड से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से 1कोस की पैदल श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन जीटी रोड स्थित रामा मंदिर में किया जाएगा व मंदिर प्रांगण में भंडारा व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संगठनों से इस यात्रा में महिला मंडल सहित भाग लेने का आह्वान किया जिस पर मौजूद संगठनों ने उत्साहपूर्वक 500/1100/2100 के संख्या बल की भागीदारी का विश्वास दिलाया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 22 जनवरी को सुबह 11 से 1 बजे तक सभी मुख्य मंदिरों व स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। सभी मुख्य स्थानों पर भिन्न भिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया जएगा। उन्होंने कहा कि वे हिंदू हैं और रामभक्त हैं । उन्होंने कहा कि दीवाली सा मानते हुए इस पर्व पर सभी अपने मंदिरों व घरों में खूब रोशनी करें व 22 जनवरी की शाम को अपनी श्रद्धानुसार 5/11/21/51अथवा 101 दीपक जलाएं । अयोध्या जाने की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 9 फरवरी को प्रदेश के लोगों के दर्शनों की बारी है। सभी भक्तजन उसी दिन ही वहां जाएंगे।




अंबाला। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक असीम गोयल व मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

## गांवों में निरंतर पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास से समस्त विश्व पर अपनी छाप छोड़ रही केंद्र सरकार के पद चिह्नों पर चलते हुए राज्य सरकार भी लगातार आमजन के हित में योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर रही है। सरकार ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य रखा है। राणा रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इन कार्यक्रमों का आयोजन गांव कड़ासन और मघ्घरपुरा में किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और कहा कि अधिकारी/कर्मचारी पात्र लोगों को केन्द्र व हरियाणा सरकार की सभी योजनाओं जी जानकारी दें जिससे कि लोग उनका लाभ उठा सकें।




शहजादपुर। विकसिल भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों के साथ पूर्व जिप चेयरमैन सुरेंद्र राणा व योजनाओं की जानकारी लेते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा।

### गरीब को मुख्यधारा में लाने का किया प्रयास

**नारायणगढ़।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नए उत्साह का संचार कर रही है। प्रदेशभर में पात्र लोग यात्रा से जुड़ कर लाभ ले रहे हैं। वे गांव बतौरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभपात्रों को किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।

उन्होंने कहा कि जो व्यवस्था परिवर्तन किया गया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही ऑन लाइन माध्यम से योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के संदेश को बड़ी एलईडी के जरिए सुना और देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आज देश में व हरियाणा के विकास की कहानी को एक संक्षिप्त फिल्म के जरिए दिखाया गया।



नारायणगढ़। जयघोष करते ग्रामवासी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीराम के जयकारों से पूजित अक्षत वितरण का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

गांव नन्हेडा में रविवार को श्री अयोध्या से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में अक्षत कलश का विधि पूर्वक वितरण का कार्य आरंभ किया गया। यह आयोजन युवा शक्ति संगठन से जुड़े युवकों द्वारा आरंभ किया गया। आचार्य श्याम लाल कौशिक ने बताया कि लगभग 495 वर्ष पूर्व मुगल शासक बाबर ने उस स्थान पर स्थित श्री राम मंदिर का विध्वंस किया था।

उस समय बहुत से हिंदुओं ने विध्वंश का विरोध किया था तथा लाखों हिंदुओं ने अपनी शहीदी दी थी। अब सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का समय है जिन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया था। युवा पीढ़ी बहुत भाग्यशाली हैं जिनके जीवन काल में श्री राम मंदिर को उनका नया भवन मिला और प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

स्वयंसेवकों सतीश सैनी, डाक्टर बलदेव सैनी, मिंटू सैनी, शुभम सैनी, सुखदेव सैनी, संजीव सैनी, शिव कुमार सैनी, सुरेंद्र सैनी,राज कुमार सैनी नंबदरदार ने इसके लिए देशवासियों को बधाई दी। महिलाओं ने इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कीर्तन मंडली नन्हेडा की प्रधान सुनीता रानी की अगुवाई में महिलाओं ने घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और श्री राम का जयकारे लगाए।

